जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

राज्य में पहली बार आयोजित होगी यूटीयू ओलम्पियाड

अमर हिन्दुस्तान

- **यू.टी.यू विद्यालय लेवलओलम्पियाड की प्रतियोगिता परीक्षाअब 12 फरवरी को होगी आयोजित।**
- **राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय लेवल ओलम्पियाड परीक्षा 15 फरवरी को होगी आयोजित।**
- **ओलम्पियाड परीक्षा में प्रदेश भर से 84 टीमें करेंगे प्रतिभाग**

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल यूटीयू द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में पहली बार आयोजित करवायेगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा। स्कूली स्तर की उक्त ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा जो कि पहले आज से ऑनलाइन आयोजित की जानी प्रस्तावित थी वह अब कतिपय विद्यालयों के अनुरोध पर सोमवार दिनांक 12 फरवरी, 2024 को ऑनलाइन माध्यम से ही पूर्व की भांति विद्यालय में आयोजित की जायेगी। वहीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय लेवलकी उक्त प्रतियोगिता परीक्षा यूटीयू ओलम्पियाड़ आज से 15 फरवरी को ऑनलाईन माध्यम से विभिन्न विभिन्न परिसर संस्थानों पर आयोजित की जायेगी। उक्त ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा में कुल 84 टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिसमें पिथौरागढ़ जनपद से 31 टीम, उत्तराकाशी से 22 टीमें, देहरादून से 21 टीमें, चम्पावत से 6 टीमें और टिहरी गढ़वाल से 4 टीमें परीक्षा में प्रतिभाग करेंगी।